

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## NCERT Books: अब घर बैठे मिलेंगी 9वीं से 12वीं तक की एनसीईआरटी किताबें

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक की एनसीईआरटी आधारित अधिकृत पाठ्य पुस्तकों की ऑनलाइन बिक्री शुरू कर दी है। अब छात्र और अभिभावक घर बैठे किताबों की बुकिंग कर सीधे अपने पते पर मंगा सकेंगे। इस नई व्यवस्था से किताबों की कमी के कारण पढ़ाई बाधित होने की समस्या में काफी राहत मिलने की उम्मीद है। अब तक नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में विद्यार्थियों को किताबें खरीदने के लिए स्थानीय दुकानों के चक्कर लगाने पड़ते थे। कई बार गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों की पुस्तकें समय पर उपलब्ध नहीं हो पाती थीं, जिससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। ऐसे में ऑनलाइन बिक्री की शुरुआत विद्यार्थियों के लिए बड़ी सुविधा मानी जा रही है।



ऑनलाइन व्यवस्था के जरिए छात्रों को अधिकृत और सही संस्करण की किताबें आसानी से मिल सकेंगी। इससे बाजार में गलत या अनाधिकृत प्रकाशनों की किताबें खरीदने की संभावना भी कम होगी। डीआईओएस संतप्रकाश ने कहा कि समय पर किताबें मिलने से छात्रों की पढ़ाई नियमित रूप से शुरू हो सकेगी और पाठ्यक्रम पूरा करने में भी आसानी होगी।


## दीपिका हत्याकांड: 'बेटी को मारकर छत से फेंका गया



ग्रेटर नोएडा के जलपुरा गांव में विवाहिता दीपिका नागर की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ सामने आया है। मायके पक्ष ने इसे दहेज हत्या बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। दीपिका के पिता संजय नागर का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या करने के बाद उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंका गया। उन्होंने दावा किया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दीपिका के शरीर पर चोटों के कई निशान मिले हैं, जो यातना दिए जाने की ओर इशारा करते हैं। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सास पूनम और चाचा ससुर विनोद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले पति रितिक और ससुर मनोज की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं दो ननद और एक अन्य रिश्तेदार अभी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की चार टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से दीपिका को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। ससुराल पक्ष फॉर्च्यूनर कार और 50 लाख रुपये नकद की मांग कर रहा था।

मांग पूरी न होने पर दीपिका के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। घटना के बाद गांव में हवन यज्ञ कर दीपिका की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी गई। दीपिका के पिता ने आरोपियों के लिए फांसी की सजा की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर मामले में लापरवाही बरती गई तो परिवार मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाएगा।

## Aligarh News: 23 केंद्रों पर आज होगी लेखपाल परीक्षा, 10656 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC) की ओर से आयोजित लेखपाल भर्ती परीक्षा गुरुवार 21 मई को अलीगढ़ जिले के 23 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस परीक्षा में कुल 10656 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिनमें अलीगढ़ के साथ-साथ आसपास के जिलों के परीक्षार्थी भी शामिल हैं। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। लेखपाल भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। दो घंटे की इस परीक्षा में अभ्यर्थियों से सामान्य हिंदी, गणित, सामान्य ज्ञान और ग्राम्य समाज एवं विकास से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा कुल 100 अंकों की होगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी रखी जाएगी, जबकि प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित गतिविधि मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से काफी पहले केंद्र पर पहुंचने के लिए कहा गया है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ वैध फोटो पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। बिना पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रशासन की ओर से केंद्रों के आसपास भीड़भाड़ और यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। परीक्षा के दौरान केंद्रों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी। वहीं अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे परीक्षा नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा केंद्र पर लेकर न आएं।

## UP: बेटी के किए छह टुकड़े

### सिर तालाब में फेंका... युवक से बात करने से नाराज था पिता



लखनऊ स्टेशन पर छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस की बोगी में बक्से में शव के टुकड़े मिलने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया कि कुशीनगर के सेवरही निवासी बिग्गन अंसारी ने ही अपनी 16 वर्षीय बेटी शब्बा की हत्या कर शव के छह टुकड़े कर दिए। आरोपी अपनी बेटी के एक युवक से फोन पर बात करने से नाराज था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कई बार बेटी को युवक से दूर रहने की चेतावनी दी थी, लेकिन शब्बा संपर्क में बनी रही। इससे नाराज होकर पिता ने साजिश के तहत पत्नी और बेटों को रिश्तेदार के घर भेज दिया और बहन-बहनोई की मदद से घर में ही वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद शव के टुकड़े कर सिर गांव के तालाब में फेंक दिया गया, जबकि बाकी हिस्सों को प्लास्टिक और कपड़ों में लपेटकर बक्से में रखा गया। इसके बाद आरोपी शव से भरा बक्सा लेकर तमकुहीरोड स्टेशन पहुंचा और छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में छोड़ दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। सख्ती से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर तालाब से किशोरी का सिर और हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया गया।

## Aligarh Weather

### भीषण गर्मी का सितम जारी, अलीगढ़ के लिए आज रेड अलर्ट, झुलसाएगी लू



Aligarh में भीषण गर्मी का सितम लगातार जारी है। 20 मई पिछले 10 वर्षों का सबसे गर्म दिन बनकर सामने आया, जहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और झुलसाने वाली लू ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। मौसम विभाग ने 21 मई के लिए अलीगढ़ में रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि 22, 23 और 24 मई को येलो अलर्ट रहेगा। फिलहाल गर्मी और लू से राहत मिलने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। प्रशासन ने लोगों को दोपहर के समय घरों में रहने, अधिक पानी पीने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

# Aaj Ka Rashifal 21 May

## मिथुन और कर्क समेत इन तीन राशियों की चमक उठेगी किस्मत, जानें बाकी राशि वालों का हाल



आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 21 मई 2026 का राशिफल। 21 मई 2026, गुरुवार को पंचमी तिथि रहेगी और इस दिन चंद्रमा का गोचर कर्क राशि में होगा। कर्क राशि के स्वामी चंद्रदेव होते हैं। इसके अलावा 21 मई को पुनर्वसु नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। आइए जानते हैं गुरुवार का दिन किन राशियों के लिए अच्छा रहेगा और किनको सतर्कता बरतनी होगी।



### मेष

आज का दिन पुराने रिश्तों की मिठास और नई खुशियों की सौगात लेकर आ सकता है। पुराने दोस्तों से मुलाकात यादों का खजाना खोल देगी। घर में नए मेहमान के आने से खुशियों की रौनक बढ़ेगी। माता-पिता के साथ बिताया गया समय आपको उनके दिल की बात समझने का मौका देगा। संतान के करियर को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा।



### वृषभ

आज सेहत को लेकर थोड़ी सावधानी जरूरी होगी, क्योंकि मौसम का असर आपको कमजोर महसूस करा सकता है। बिजनेस में आपकी लंबी योजनाएँ धीरे-धीरे सफलता की राह पकड़ेंगी। यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो बड़ों की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को मेहनत में कोई कमी नहीं छोड़नी चाहिए, क्योंकि सफलता करीब हो सकती है।



### मिथुन

आज प्रॉपर्टी और निवेश के मामलों में किस्मत आपका साथ दे सकती है। नई प्रॉपर्टी खरीदने का विचार लाभकारी साबित होगा। हालांकि घमंड या जल्दबाज़ी किसी काम को अधूरा छोड़ सकती है। मन में ईर्ष्या रखने से बचें और अपनी ऊर्जा सही दिशा में लगाएँ। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा, लेकिन पुरानी सेहत से जुड़ी परेशानी दोबारा परेशान कर सकती है।



### कर्क

आज नई संभावनाएं और अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक दे सकते हैं। नई नौकरी का ऑफर उत्साह बढ़ा सकता है। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता लोगों को प्रभावित करेगी। नए कपड़े, मोबाइल या गैजेट खरीदने का मन बन सकता है। मेहनत से पीछे हटना नुकसान दे सकता है। दूसरों की बातों में आकर विवाद बढ़ाने से बचें।



### सिंह

आज सोच-समझकर कदम बढ़ाना ही आपके लिए फायदेमंद रहेगा। नए काम में जल्दबाज़ी करने से बचें और हर व्यक्ति को पहचानकर ही भरोसा करें। नौकरी बदलने का विचार सकारात्मक परिणाम दे सकता है। बचत योजनाओं में निवेश करने का अच्छा समय है। संतान की ओर से मिली खुशखबरी आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएगी।



### कन्या

आज का दिन आपके लिए नई पहचान और नई उपलब्धियों का संकेत दे रहा है। आपके काम की तारीफ होगी और नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने की आपकी मेहनत रंग लाएगी। लंबे समय से रुका सरकारी काम पूरा होने से राहत मिलेगी। परिवार में किसी की पुरानी बीमारी चिंता बढ़ा सकती है, जिससे भागदौड़ बनी रहेगी।



### तुला

आज आलस्य आपके लिए सबसे बड़ी रुकावट बन सकता है। कामों को टालने की आदत आगे परेशानी बढ़ा सकती है। जीवनसाथी के साथ शॉपिंग या घूमने का प्लान मन को खुश करेगा, लेकिन खर्च सोच-समझकर करें। प्रॉपर्टी के मामलों में सतर्क रहें, क्योंकि धोखे की संभावना है। किसी अनजान व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसानदायक हो सकता है।



### वृश्चिक

आज सफलता की राह पर आपके कदम तेजी से बढ़ सकते हैं। दोस्तों के साथ बिताया गया समय तनाव कम करेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को चुनौतियाँ मिलेंगी, लेकिन धैर्य से आगे बढ़ना होगा। रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है और सही जगह निवेश करने से भविष्य मजबूत होगा। आप अपनी सोच और लाइफस्टाइल में भी सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।



### धनु

आज का दिन खुशी और मौज-मस्ती से भरा रह सकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से रुका हुआ काम पूरा होने के संकेत हैं। कार्यक्षेत्र में लापरवाही आपके साथियों को नाराज कर सकती है, इसलिए फोकस बनाए रखें। आत्मविश्वास के साथ लिया गया फैसला सफलता दिलाएगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें और लंबी यात्रा से फिलहाल बचें।



### मकर

आज धन और समृद्धि में बढ़ोतरी के संकेत हैं। बिजनेस की योजनाएँ उम्मीद से बेहतर परिणाम दे सकती हैं। नई पार्टनरशिप और घर खरीदने का सपना भी आकार ले सकता है। संतान से किया गया वादा पूरा करना जरूरी होगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए मेहनत जारी रखें।



### कुंभ

आज मेहनत और नए आइडिया आपकी सफलता की चाबी बन सकते हैं। बिजनेस में नई सोच आपको आगे बढ़ाने में मदद करेगी। जमीन-जायदाद से जुड़ा पुराना मामला सुलझने से राहत मिलेगी। घर में नए मेहमान के आने से खुशियों का माहौल बनेगा। परिवार में शादी-विवाह की बात आगे बढ़ सकती है। अपनों के साथ घूमने का प्लान भी बन सकता है।



### मीन

आज पारिवारिक उलझनें आपके मन को थोड़ा परेशान कर सकती हैं। भाई-बहनों के बीच छोटी बातों पर तनाव बढ़ सकता है। संतान का व्यवहार भी चिंता का कारण बनेगा। कार्यक्षेत्र में कोई आपके खिलाफ चाल चल सकता है, इसलिए सतर्क रहें। बैंकिंग या फाइनेंस से जुड़े लोगों को मेहनत का शानदार फल मिलेगा और उनकी तारीफ भी होगी।

# यूपी में गर्मी का कहर जारी

## बांदा लगातार चौथे दिन देश का सबसे गर्म शहर



उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सबसे ज्यादा हालात में गंभीर बने हुए हैं, जहां लगातार चौथे दिन देश में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। बुधवार को बांदा का अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसने लोगों को झुलसा कर रख दिया।

तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते दिनभर लोग परेशान रहे। दोपहर के समय सड़कें लगभग खाली दिखाई दीं और बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। मौसम विभाग के अनुसार बुंदेलखंड और दक्षिणी उत्तर प्रदेश इस समय सबसे ज्यादा गर्मी की चपेट में हैं। में 46.4 डिग्री, में 46.2 डिग्री और में 45.9 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं में भी पारा 45.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश के 23 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 अन्य जिलों में भीषण गर्मी को लेकर चेतावनी दी गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार अगले एक सप्ताह तक पूर्वी और दक्षिणी यूपी में भीषण गर्मी का असर बना रह सकता है। कई जिलों में रात का तापमान भी सामान्य से काफी अधिक रहने की संभावना है। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरा उत्तर और मध्य भारत इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर और मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 45 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोगों का हाल बेहाल है और अगले सात दिनों तक राहत मिलने के कोई संकेत नहीं दिखाई दे रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# UP School Closed

## अब इस जिले में 23 मई तक बंद रहेंगे स्कूल, भीषण गर्मी के कारण डीएम ने जारी किए आदेश




उत्तर प्रदेश के में इस समय भीषण गर्मी और लू ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। मई महीने की तेज धूप और लगातार बढ़ते तापमान ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया है। सुबह से ही सूरज की तपिश लोगों को झुलसा रही है, जबकि दोपहर के समय सड़कें और बाजार लगभग खाली दिखाई दे रहे हैं। बुधवार को मेरठ का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन माना जा रहा है। तेज गर्म हवाओं और बढ़ती लू को देखते हुए जिला प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी वीके सिंह ने छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला लिया है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार 21 मई से 23 मई तक प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 10 तक के सभी बोर्डों के विद्यालय बंद रहेंगे। इस आदेश में सरकारी, गैर सरकारी और निजी स्कूल सभी शामिल हैं। जिलाधिकारी ने साफ कहा है कि बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशासन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, इसलिए यह फैसला लिया गया है। गर्मी का असर केवल स्कूलों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव आम जनजीवन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। दोपहर के समय शहर की प्रमुख सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है। लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बाजारों में भी ग्राहकों की संख्या कम हो गई है। वहीं अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, बुखार और लू से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों के लिए भी राहत के संकेत नहीं दिए हैं।

## कॉकटेल 2' के गाने 'माशूका' पर प्रीतम ने तोड़ी चुप्पी






कंपोजर प्रीतम ने फिल्म 'कॉकटेल 2' का सॉन्ग 'माशूका' तैयार किया है। रिलीज के बाद यह गाना म्यूजिक लवर्स को पसंद आया। साथ ही कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने प्रीतम पर धुन चोरी का आरोप लगाया। कुछ लोगों का मानना है कि 'माशूका' सॉन्ग इटैलियन सॉन्ग 'से सो अर्रुबाते ए नोना' से मिलता-जुलता है। इस पूरे मामले पर प्रीतम ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट लिखी, जिसमें इस पूरे विवाद को लेकर काफी कुछ कहा है। प्रीतम ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक स्टोरी पोस्ट की, इसमें वह लिखते है, 'मेरा हर गाना रिलीज होने पर कुछ ऐसे सेल्फ अपॉइंटेड म्यूजिक डिटेक्टिव आ जाते हैं, जिन्होंने एक नई ही कैटेगरी बना ली है। यह कैटेगिरी काल्पनिक समानताओं की है। देखिए, अब तो आप मेरी बिना पैसे वाली पीआर टीम बन गए हैं। मैं बस इतना कहना चाहता हूं दोस्तों, यह कोई अच्छी बात नहीं है।'यह पहली बार नहीं है कि जब प्रीतम पर किसी धुन की नकल करने का आरोप लगा है। 2017 में भी उन पर धुन की नकल करने का आरोप लगा था। फिल्म 'ए दिल है मुश्किल' का गाना प्रीतम ने तैयार किया था, यह भी किसी विदेशी गाने की कॉपी ही था। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित 'कॉकटेल 2' में शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'कॉकटेल 2 ' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अभी फिल्म के दो गाने जारी किए गए हैं, जिन्हें फैंस से अच्छा रेस्पॉन्स मिला है।

## जिंदगी बहुत लंबी है', रकुल प्रीत सिंह



हाल ही में रकुल प्रीत ने द बॉम्बे जर्नी के साथ बातचीत में उनसे पूछा गया कि क्या किसी रिश्ते में धोखा देना कभी स्वीकार्य हो सकता है, तो रकुल ने तुरंत नहीं में जवाब दिया।इसके बाद, रकुल प्रीत ने कहा, 'यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि गलती कितनी बड़ी है। गलती की हद क्या है? रकुल ने आगे कहा 'अगर किसी से एक बार गलती हो जाती है, तो जिंदगी इतनी लंबी है कि एक गलती के लिए किसी को माफ न करना सही नहीं है। कृपया ध्यान दें। यह बात मेरे निजी रिश्ते पर लागू नहीं होती।' रकुल ने यह भी कहा कि उन्हें लगता है कि अगर कोई माफ करता है, तो उसे आखिरकार उस गलती को भूलना ही पड़ता है।यह सब तब हुआ, जब कुछ दिन पहले से रकुल और उनके पति जैकी भगनानी की निजी जिंदगी चर्चा का विषय बन गई थी। इसकी वजह जैकी का अपनी शादी को लेकर दिया गया सिचुएशनशिप वाला बयान था। जिंगाबाद से बातचीत में जैकी ने कहा रकुल और मैं शादीशुदा हैं, लेकिन हम एक तरह की 'सिचुएशनशिप' में हैं। इसका मतलब है कि हम एक-दूसरे के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। इसीलिए तो हमने शादी की है। सबसे जरूरी बात यह है कि मैं उनसे किसी भी चीज के बारे में बात कर सकता हूं।'जैकी के इस बयान पर तुरंत प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कई लोगों ने इस बयान को गलत समझ लिया। बाद में रकुल ने एक मजाकिया वीडियो के जरिए इस मामले पर बात की।

## करण जौहर ने गाया गाना बेटे यश ने उड़ाया मजाक



करण जौहर ने आज एक खास वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस वीडियो में करण के बेटे यश जौहर एक मजेदार बात कहते हैं, जिसे सुनकर वह खुद दंग रह जाते हैं। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है।बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर भले ही दुनिया के लिए एक बड़ा नाम हों, लेकिन घर पर वह सिर्फ एक पिता हैं, जिनकी खिंचाई उनके बच्चे अक्सर करते रहते हैं। आज सोशल मीडिया पर करण और उनके बेटे यश के बीच का एक मजेदार वीडियो सामने आया है। जिसे देखने के बाद कोई भी अपनी हंसी रोक नहीं पाएगा।करण जौहर ने अपने बेटे यश का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में जब करण एक पुराना गाना गुनगुना रहे थे, तो यश जोर से हंसने लगे। जब करण ने इसका कारण पूछा, तो यश ने कहा, 'आपका गाना बहुत खराब है। इससे मेरी पढ़ाई खराब हो रही है। क्या आप मेरी पढ़ाई खराब करना चाहते हैं?'करण ने हैरान होकर पूछा, 'मेरी खराब गायकी से तुम्हारी पढ़ाई का क्या लेना-देना?' इस पर यश ने बड़े ही सीधे अंदाज में जवाब दिया, 'यह तो बिल्कुल सीधी सी बात है।'यह पहली बार नहीं है जब यश ने अपने पापा की बोलती बंद की हो। हाल ही में यश ने करण को एक मजेदार बिजनेस ऑफर दिया। यश ने कहा कि जब वह और उसकी बहन रूही बड़े हो जाएंगे, तो वे यह सीखना चाहते हैं कि घर का किराया कैसे दिया जाता है।यश का प्लान था, 'हर तीन महीने में आप हमारे कमरे का दरवाजा खटखटाना और हमसे किराया मांगना। मैं और रूही आपको 200-200 रुपये देंगे। इस तरह आपको हर महीने 400 रुपये मिलेंगे।' यश का यह वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।इन दिनों करण जौहर अपनी फिल्म 'चांद मेरा दिल' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म को करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया गया है। इस फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'चांद मेरा दिल' (Chand Mera Dil) 22 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सलमान की फटकार के बाद बदले पैपराजी के सुर



बुधवार को सलमान खान अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दिन भर सोशल मीडिया पर छाए रहे। इसमें उन्होंने पैपराजी को फटकार लगाई थी। बुधवार को देर रात उनका एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें वह काफी खुश नजर आए। पैपराजी उनसे माफी मांगते नजर आए।सोशल मीडिया पर सलमान खान का जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें देखा जा सकता है कि सलमान खान अपनी गाड़ी से उतरे। उन्होंने पैपराजी को पोज दिए। इस दौरान कई पैपराजी ने उनसे माफी मांगी। एक ने कहा 'भाईजान कल के लिए सॉरी।' एक और ने कहा 'भाईजान हम आपको प्यार करते हैं।' इतने में पीछे से रितेश देशमुख आ गए। रितेश देशमुख सलमान खान से गले मिले।आपको बता दें कि मंगलवार की देर रात सलमान खान हिंदुजा अस्पताल पहुंचे थे। उनको देखकर वहां मौजूद पैपराजी ने भाई-भाई कहकर चिल्लाना शुरू कर दिया। इसके बाद सलमान खान पैपराजी के चिल्लाने और फोटो लेने को लेकर नाराज नजर आए थे। उन्होंने पैप्स को फटकार भी लगाई थी। उन्होंने पैपराजी से पूछा कि अगर उनके परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में भर्ती होता तो वे कैसी प्रतिक्रिया देते?इसके बाद सलमान खान ने रात के नबजे के करीब 3 पोस्ट की थी। इसमें उन्होंने अपनी बात रखी और पैपराजी को फटकार भी लगाई। उन्होंने यहां तक लिखा 'साठ साल का हो गया हूं, लेकिन लड़ना नहीं भूला ये याद रख लेना। जेल में डालोगे, हा हा...।'सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' में नजर आने वाले हैं। इसका निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। इस फिल्म में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा, सलमान खान के पास नयनतारा के साथ एक और फिल्म भी है। अभी इसका टाइटल रिवील नहीं हुआ है। फिल्म की शूटिंग अप्रैल 2026 में आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है।

# महंगाई का असर:

## खपत की रफ्तार थामी तो विकास दर को लग सकता है झटका FMCG मांग में सुस्ती की आशंका ने बढ़ाई चिंता



भारत में महंगाई, कमजोर मानसून और कच्चे तेल की कीमतों से खपत की रफ्तार धीमी हो रही है, जिससे देश की आर्थिक विकास दर पर दबाव बढ़ सकता है।भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत कारखाने नहीं बल्कि बाजार हैं। गांव की किराना दुकान से लेकर शहर के मॉल तक जो खर्च होता है, वही आर्थिक विकास की असली धड़कन है। यही वजह है कि उपभोग में थोड़ी भी सुस्ती अर्थव्यवस्था को बड़ा झटका दे सकती है। वह भी ऐसे समय में, जब देश पश्चिम एशिया में जारी तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी, डॉलर की तुलना में रुपये में रिकॉर्ड गिरावट और बढ़ते आयात बिल जैसे संकटों से जूझ रहा है।

दरअसल, भारत की अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा सहारा घरेलू खर्च है। घरेलू जीडीपी में निजी खपत की हिस्सेदारी करीब 57 फीसदी है। यानी लोगों की जेब, खरीदारी और भरोसा ही विकास का सबसे बड़ा इंजन है। दिसंबर, 2025 तिमाही के दौरान निजी खपत बढ़कर जीडीपी के 57.5 फीसदी तक पहुंच गई।चिंता इसलिए बढ़ी है, क्योंकि पिछले तीन महीनों में कई एजेंसियों ने भारत की वृद्धि दर के अनुमान घटाए हैं। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के लिए विकास दर अनुमान को 6.6 फीसदी से घटाकर 6.4 फीसदी कर दिया है। मूडीज रेटिंग्स ने भी 2026 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.8 फीसदी से घटाकर 6.0 फीसदी किया है। वहीं, इंडिया रेटिंग्स ने पश्चिम एशिया तनाव और अल-नीनो के जोखिम को देखते हुए 2026-27 में वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। यानी भारत मौजूदा संकट में भी तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था तो बना हुआ है, लेकिन बाहरी झटकों से अछूता नहीं है।

# Gold Silver Price:

## चांदी की कीमतों में उछाल, सोने में स्थिरता आयात प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी का असर



सोमवार को सोने की कीमतें स्थिर रहीं जबकि चांदी में आयात प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी के कारण उछाल आया। सरकार ने चांदी आयात पर अंकुश लगाया, जिससे घरेलू बाजार में प्रीमियम बढ़ने की उम्मीद है। वैश्विक बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड में वृद्धि से सोने पर दबाव रहा।राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतें 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं। वहीं, चांदी की दरों में तेजी देखी गई और यह 2,76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। सफेद धातु के आयात पर नए प्रतिबंधों और रुपये की कमजोरी के कारण चांदी में यह उछाल आया।अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी की कीमतों में 1,000 रुपये की वृद्धि हुई। शुक्रवार को यह 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव सर्राफा बाजार में 1,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। विश्लेषकों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद घरेलू सर्राफा कीमतें अपेक्षाकृत मजबूत बनी रहीं। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सर्राफा बाजार में कमजोरी के बावजूद घरेलू बाजार में सोने की कीमतें स्थिर रहीं।केंद्र सरकार ने चांदी के आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। यह कदम रुपये पर दबाव कम करने और गैर-जरूरी आयात पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सौमिल गांधी ने कहा कि इस कदम से चांदी का आयात कम होने और घरेलू उपलब्धता में कमी आने की उम्मीद है।इससे स्थानीय बाजार में प्रीमियम बढ़ सकता है। सरकार का यह निर्णय बाजार सहभागियों के लिए महत्वपूर्ण रहा है।

# ICI: बुनियादी उद्योगों की विकास दर अप्रैल में

## 1.7% पर पहुंची, सीमेंट और स्टील से अर्थव्यवस्था को रफ्तार



अप्रैल 2026 में भारत के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की विकास दर 1.7 प्रतिशत रही। सीमेंट और स्टील सेक्टर में तेजी व कोयला-उर्वरक में गिरावट का पूरा माजरा समझने के लिए पढ़ें।वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत के आठ प्रमुख बुनियादी (कोर) ढांचा क्षेत्रों ने अप्रैल 2026 में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। विकास की इस हल्की रफ्तार को मुख्य रूप से सीमेंट, स्टील और बिजली उत्पादन में हुई बढ़ोतरी से बड़ा सहारा मिला है। हालांकि, अर्थव्यवस्था के लिए चिंता का विषय यह है कि आठ में से पांच प्रमुख क्षेत्रों के उत्पादन में गिरावट दर्ज की गई है, जिसने कुल वृद्धि दर को सीमित कर दिया।कुल मिलाकर, नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में देश के औद्योगिक रुझान मिले-जुले नजर आ रहे हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले मार्च 2026 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों की अंतिम विकास दर 1.2 प्रतिशत आंकी गई थी। वहीं, अप्रैल से मार्च 2025-26 की पूरी अवधि के लिए कुल संचयी विकास दर 2.7 प्रतिशत रही है। आगे चलकर यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वैश्विक भू-राजनीतिक दबावों के बीच देश का कुल है

### सीमेंट, स्टील और बिजली सेक्टर का शानदार प्रदर्शन

आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में औद्योगिक गतिविधियों को सकारात्मक दिशा देने का काम मुख्य रूप से तीन प्रमुख क्षेत्रों ने किया है। पिछले साल के इसी महीने की तुलना में अप्रैल 2026 में सीमेंट उत्पादन में सबसे अधिक 9.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद स्टील उत्पादन में 6.2 प्रतिशत की शानदार बढ़त देखी गई, जबकि बिजली उत्पादन भी सालाना आधार पर 4.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ा। यह उछाल इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश में निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़ी गतिविधियों में निरंतरता बनी हुई है। सकारात्मक आंकड़ों के विपरीत, ऊर्जा और उर्वरक क्षेत्र के प्रदर्शन ने समग्र वृद्धि पर भारी दबाव डाला है। पिछले साल के समान महीने की तुलना में अप्रैल 2026 में कोयला उत्पादन में 8.7 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। इसी तरह, कृषि क्षेत्र से जुड़े उर्वरक (फर्टिलाइजर) उत्पादन का आंकड़ा भी 8.6 प्रतिशत तक सिकुड़ गया। ईंधन से जुड़े अन्य क्षेत्रों का हाल भी निराशाजनक रहा, जहां प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 4.3 प्रतिशत और कच्चे तेल के उत्पादन में 3.9 प्रतिशत की कमी आई। वहीं, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन भी 0.5 प्रतिशत गिर गया। गौरतलब है कि ये आठ प्रमुख उद्योग मिलकर देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का भारी-भरकम हिस्सा रखते हैं, जिससे देश की औद्योगिक गतिविधि का सीधा आकलन होता है।स पूरे आंकड़े पर इक्रा (आईसीआरए) लिमिटेड के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने अपना महत्वपूर्ण विश्लेषण पेश किया है। उनका मानना है कि पिछले वर्ष का आधार अनुकूल (फेवरेबल बेस इफेक्ट) होने के बावजूद कोर सेक्टर की यह वृद्धि काफी सुस्त रही है। अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि आठ में से पांच क्षेत्रों में उत्पादन का सिकुड़ना इस बात का संकेत है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण कुछ क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। वह मुख्य रूप से बिजली और सीमेंट के कारण है।

# Petrol Diesel Price:

## पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग जानें क्या बोले सांसद सस्मित पात्रा



राज्यसभा सांसद डॉ. सस्मित पात्रा ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर पेट्रोल और डीजल को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में शामिल करने को लेकर विस्तृत प्रस्ताव सौंपा। उन्होंने इस मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर संरचित और व्यापक चर्चा शुरू करने की मांग की।डॉ. पात्रा ने अपने प्रस्ताव में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 279ए(5) के तहत पेट्रोलियम उत्पादों को भविष्य में जीएसटी के दायरे में लाने का प्रावधान पहले से मौजूद है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर पहले भी जीएसटी परिषद में चर्चा हो चुकी है, लेकिन मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए अब इस पर नए सिरे से व्यावहारिक और संतुलित विचार करने की जरूरत है।उन्होंने विशेष रूप से ओडिशा का उदाहरण देते हुए कहा कि यह राज्य खनन, उद्योग और लॉजिस्टिक्स गतिविधियों का बड़ा केंद्र है। ऐसे में अगर पेट्रोल और डीजल को चरणबद्ध तरीके से जीएसटी में शामिल किया जाता है, तो माल ढुलाई और सप्लाई चेन की लागत कम हो सकती है। इससे उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी और आम लोगों, किसानों, ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों तथा एमएसएमई सेक्टर को राहत मिलेगी।

# KKR vs MI: मुंबई पर जीत के बाद तालिका में छठे स्थान पर पहुंची कोलकाता प्लेऑफ की उम्मीदें अब भी बरकरार

केकेआर ने मुंबई को चार विकेट से हरा दिया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुंबई ने 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने छह विकेट खोकर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ केकेआर ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखा है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। बुधवार को ईडन गार्डन्स पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ कोलकाता की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में 13 अंक हो गए नेट रन रेट +0.011 हो गया है। अब केकेआर को उनका आखिरी मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है।



कोलकाता ने इस जीत के दम पर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। मुंबई ने 41 के स्कोर तक अपने चार विकेट खो दिए थे। जब पारी के आठ ओवर पूरे हो गए थे, बारिश ने दखल दिया, लेकिन ब्रेक के बावजूद ओवरों में कटौती नहीं की गई। कप्तान हार्दिक पांड्या ने तिलक वर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 49 गेंदों में 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। तिलक वर्मा 20 रन बनाकर आउट हुए, जबकि पांड्या ने 26 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। कॉर्बिन बॉश ने दीपक चाहर के साथ आठवें विकेट के लिए 20 गेंदों में 42 रन की साझेदारी करते हुए टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। बॉश 18 गेंदों में दो छक्कों और तीन चौकों के साथ 32 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी खेमे से सौरभ दुबे,

कैमरून ग्रीन और कार्तिक त्यागी ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि सुनील नरेन ने एक विकेट निकाला। इसके जवाब में केकेआर ने पहले ही ओवर में फिन एलन (8) का विकेट गंवा दिया। यहां से कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मनीष पांडे के साथ 28 गेंदों में 38 रन की साझेदारी की। रहाणे 17 गेंदों में 4 चौकों के साथ 21 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद कैमरन ग्रीन (4) भी पवेलियन लौट गए। टीम ने 7.1 ओवरों में 54 के स्कोर तक अपने तीन विकेट खो दिए थे। यहां से रोवमैन पॉवेल ने मनीष पांडे के साथ चौथे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया।



मनीष 33 गेंदों में छह चौकों के साथ 45 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां से टीम को जीत के लिए 30 गेंदों में 30 रन की दरकार थी। 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर पॉवेल कैच आउट हुए। उन्होंने 40 रन बनाए।

आईपीएल 2026 में Kolkata Knight Riders ने शानदार प्रदर्शन करते हुए Mumbai Indians को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा है। ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 147/8 का स्कोर बनाया, जिसके जवाब में कोलकाता ने 18.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस अहम जीत के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स अंक तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। टीम के अब 13 मैचों में 13 अंक हो गए हैं और नेट रनरेट भी सकारात्मक बना हुआ है। प्लेऑफ की दौड़ अब और रोमांचक हो गई है, जहां चौथे स्थान के लिए कई टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। मैच में मनीष पांडे और रोवमैन पॉवेल ने जिम्मेदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत दिलाई। वहीं गेंदबाजों ने भी मुंबई के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। दूसरी ओर मुंबई इंडियंस की यह नौवीं हार रही और टीम पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है।

# IND vs AFG: ऋषभ पंत से छिनी उप-कप्तानी तो भड़के मोहम्मद कैफ बीसीसीआई को लताड़ लगाकर कह दी ये बात

मोहम्मद कैफ ने विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा है कि वह टेस्ट टीम के उप-कप्तान बने रहने के पूरी तरह हकदार थे। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा है कि वह टेस्ट टीम के उप-कप्तान बने रहने के पूरी तरह हकदार थे। कैफ का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में पंत भारत के सबसे बड़े मैच-विनर्स में से एक हैं और उन्होंने ऐसा कुछ भी गलत नहीं किया, जिसके आधार पर उनसे उप-



कप्तानी छीनी जाए। बता दें कि, बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मुकाबले के लिए चुनी गई टीम में उप-कप्तानी का जिम्मा केएल राहुल को सौंपा है। इससे पहले यह जिम्मेदारी पंत के कंधों पर थी। पिछले साल इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने के बाद पंत को उप-कप्तान नियुक्त किया गया था। पिछले साल इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाए जाने के बाद पंत को उप-कप्तान नियुक्त किया गया था।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में गिल के चोटिल होने पर पंत ने टीम की कप्तानी संभाली थी, लेकिन भारत को उस मुकाबले में 408 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम इंडिया ने सीरीज भी 0-2 से गंवा दी थी। लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान के रूप में आईपीएल 2026 में पंत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। टीम को 13 में से नौ मुकाबलों में हार मिली जबकि पंत ने 28.60 की औसत से 286 रन बनाए।

# KKR vs MI Highlights: कोलकाता ने मुंबई को चार विकेट से हराया प्लेऑफ की उम्मीदें अब भी जीवित

केकेआर ने मुंबई को चार विकेट से हरा दिया। बुधवार को खेले गए मुकाबले में मुंबई ने 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने छह विकेट खोकर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ केकेआर ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवित रखा है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवित रखा है। बुधवार को ईडन गार्डन्स पर खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 147 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 148 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। कोलकाता को छठा झटका कॉर्बिन बॉश ने दिया।उन्होंने तेजस्वी को रिकेल्टन के हाथों कैच कराया।



वह 11 रन बनाकर आउट हुए। अब रिंकू का साथ देने अनुकूल रॉय आए हैं। 18 ओवर के बाद स्कोर छह विकेट पर 141 रन है। कोलकाता को पांचवां झटका गजनफर ने दिया। उन्होंने कॉर्बिन बॉश के हाथों रोवमन पॉवेल के हाथों कैच कराया। वह 30 गेंदों में 40 रन बनाकर आउट हुए। अब रिंकू सिंह का साथ देने तेजस्वी दहिया आए हैं। मनीष पांडे अर्धशतक से चूक गए। उन्हें बुमराह ने बोल्ड किया। वह 33 गेंदों में 45 रन बनाकर आउट हुए। फिलहाल क्रीज पर रोवमन पॉवेल 34 रन बनाकर मौजूद हैं।

# BCCI ने जारी किया घरेलू सीजन का कार्यक्रम: 1788 मैचों का होगा आयोजन अंडर-23 टूर्नामेंट अब टी20 प्रारूप में




बीसीसीआई ने घरेलू सीजन 2026-27 के लिए 1788 मैचों का कार्यक्रम जारी किया है, जिसकी शुरुआत 23 अगस्त 2026 से दलीप ट्रॉफी के साथ होगी। इस सीजन में रणजी ट्रॉफी दो चरणों में खेली जाएगी, अंडक-23 टूर्नामेंट टी20 फॉर्मेट में होंगे और महिला व जूनियर क्रिकेट को भी बड़ा मंच मिलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट सीजन 2026-27 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। आगामी घरेलू सीजन में पुरुष और महिला वर्ग की विभिन्न आयु श्रेणियों और फॉर्मेट्स में कुल 1,788 मुकाबले खेले जाएंगे। यह सीजन 23 अगस्त 2026 से प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। बीसीसीआई के अनुसार, घरेलू संरचना को और मजबूत बनाने खिलाड़ियों को बेहतर प्रतिस्पर्धात्मक माहौल देने तथा सभी फॉर्मेट्स में संतुलित प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस सीजन का कैलेंडर तैयार किया गया है। घरेलू क्रिकेट के रेड-बॉल सीजन की शुरुआत दलीप ट्रॉफी से होगी, जिसमें छह जोनल टीमें हिस्सा लेंगी। इसके बाद 1 अक्टूबर से ईरानी कप का आयोजन किया जाएगा। इस बार भी रणजी ट्रॉफी और कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को पर्याप्त आराम मिल सके और घरेलू क्रिकेट में मल्टी-डे क्रिकेट को प्राथमिकता दी जा सके। रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप में 32 टीमें रहेंगी। चार ग्रुप बनाए जाएंगे। प्लेट ग्रुप में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। सी.के. नायडू ट्रॉफी विनर्स बनाम रेस्ट ऑफ इंडिया मैच की वापसी। बीसीसीआई ने अंडर-23 क्रिकेटरों को बेहतर मंच देने के उद्देश्य से कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी विनर्स बनाम रेस्ट ऑफ इंडिया मुकाबले को फिर से घरेलू कैलेंडर में शामिल किया है। यह मुकाबला एक से चार अक्तूबर 2026 तक खेला जाएगा।



बीसीसीआई ने कहा कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है और बोर्ड लगातार ऐसी संरचना विकसित करने पर काम कर रहा है, जिससे युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिल सकें। घरेलू सीजन 2026-27 में महिला क्रिकेट के लिए भी विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया गया है। अंडर-19 और अंडर-15 श्रेणियों में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। अब यह टूर्नामेंट नवंबर से जनवरी के बीच खेला जाएगा

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

